Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide stoppage of Gorakhdham Express (train no. 12555/12556) at Mankapur railway junction in Uttar Pradesh.

श्री कीर्ति वर्धन सिंह (गौंडा) : मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान पूर्वोत्तर रेलवे के मनकापुर जंक्शन पर गोरखधाम एक्सप्रेस के ठहराव की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

मनकापुर जंक्शन गोण्डा एवं गोरखपुर के बीच स्थित पूर्वोत्तर रेलवे का एक महत्वपूर्ण जंक्शन है। यहाँ पर चार बड़ी चीनी मिल तथा इण्डियन टेलीफोन इंडस्ट्री की एक आधुनिक इकाई भी स्थित है। इन कारखानों से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अक्सर सरकारी कार्य हेतु दिल्ली आना पड़ता है।

मनकापुर के पास विश्व प्रसिद्ध स्वामी नारायण छपिया की जन्मस्थली भी है, जहाँ देश-विदेश से हजारों श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है। मनकापुर जंक्शन से हजारों तीर्थयात्री अयोध्या दर्शन के लिए भी जाते हैं। यहाँ पर दिल्ली से आने-जाने वाली मुख्य ट्रेनों का ठहराव न होने के कारण इन सभी यात्रियों को बड़ी असुविधा होती है।

गौरतलब है कि गोरखपुर से दिल्ली होते हुए हिसार जाने वाली गोरखधाम एक्सप्रेस 12555/12556 गोण्डा जंक्शन पर निर्धारित समय से 5 से 15 मिनट पूर्व पहुँचती है, जिसकी पुष्टि रेलवे रिकॉर्ड में भी है।

माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि जनता की परेशानियों को देखते हुए गोरखधाम एक्सप्रेस 12555/12556 का ठहराव मनकापुर जंक्शन पर करवाने की कृपा करें।